# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 22.10.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1-वाहन चोर अवैध चाकू व मो0सा0 चैचिंस सहित गिरफ्तार,थाना कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 28.07.2024 को वादी सुलेन्द्र पुत्र श्री रामेश्वर निवासी लोधीपुर बासू थाना कटघर,मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मो0सा0 को चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-399/2024 धारा-379 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त दिनांक 21.10.2024 की रात्रि को उ0नि0 श्री दीपक चौहान थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी बाबू पुत्र सोहनलाल निवासी बल्देवपुरी पीतलबस्ती थाना कटघर ,मुरादाबाद को मोटरसाईकिल स्पलैन्डर चैंचिस नं0 MBLHAW220PGM02409 व 01 अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 11 भादवि व धारा- 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गयी।



**बरामदगीः-**

मोटरसाईकिल स्पलैन्डर चैंचिस नं0 MBLHAW220PGM02409 व 01 अवैध चाकू

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

उ0नि0 श्री दीपक चौहान थाना कटघर,मुरादाबाद।

हे0का0 देवेन्द्र कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।

का0 मोहित कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।

का0 सागर चौहान थाना कटघर,मुरादाबाद।

**2-मोबाईल छीनकर भाग जाने के प्रकाश में आये 04 आरोपी गण गिरफ्तार,थाना कटघरः-**

**अवगत कराना है दिनांक 21.10.2024 को वादी** सुमित दिवाकर पुत्र श्री रामौतार दिवाकर निवासी हाथी वाला मन्दिर रानी किशोरी का फाटक थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद ने अज्ञात लोगो द्वारा वादी का मोबाईल छीनकर भाग जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-620/2024 धारा-304(2)/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री योगेश कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के प्रकाश में आये 04 आरोपी गण 1. आदेश पुत्र हरिकिशन निवासी देहरी गाँव लक्ष्मीनगर थाना कटघर मुरादाबाद 2.नरेश राजपूत पुत्र पप्पू निवासी लक्ष्मीनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3.मोनू पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी पीतलनगरी कमला विहार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 4.ललित सैनी पुत्र राजाराम सैनी निवासी देहरी गाँव लक्ष्मीनगर थाना कटघर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मोनू उपरोक्त के कब्जे से छीना गया मोबाईल सैमसंग कम्पनी व एक अवैध चाकू बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गयी।



**बरामदगीः-**

एक मोबाईल सैमसंग व 01 अवैध चाकू।

**3.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री मनोज पवांर थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी मौहम्मद उवैश पुत्र नन्हें निवासी ग्राम मसेवी रसूलपुर थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 376/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



**4.एक राय होकर गाली-गलौज,मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार,थाना डिलारीः-**

अवगत कराना है दिनांक 04.08.2024 को वादिनी निवासी थाना डिलारी क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादिनी व वादिनी के पति व पुत्र के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट करने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-206/24 धारा-191(2)/352/115(2)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 22.10.20224 को उ0नि0 श्री ओमपाल सिंह थाना डिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी संजय पुत्र दयाराम निवासी ग्राम हाजी नंगला तिगरी थाना डिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त में धारा-118(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।



**5.अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना छजलैटः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री अनंगपाल थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी मौ0 शफी पुत्र शरीफ अहमद निवासी कस्बा व थाना पाकवाडा,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 227/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



**6. अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार,थाना छजलैटः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री लाजपत सिंह थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी नबीजान पुत्र हबीब नि0 ग्राम सिहाली शहबाजपुर थाना भोजपुर,मुरादाबाद को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 228/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



**7.अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री विजेश शर्मा थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी यशपाल सिंह पुत्र चेतराम सिंह निवासी ग्राम मनकुआ थाना कांठ,मुरादाबाद को 20 पाऊच (गोल्डेन पंच) देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-413/24 धारा- 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया ।



**8.अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 22.10.2024 को उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी गजेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र खचेडू सिंह निवासी ग्राम आबी हाफीजपुर थाना कांठ,मुरादाबाद को 18 पाऊच (गोल्डेन पंच) देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कांठ पर मु0अ0सं0-414/24 धारा- 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया ।

**9.दो वारंटी को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने किया गिरफ्तार।**



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु दिनांक 21.10.2024 की रात्रि को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने वारंटी 1.धर्मवीर शर्मा पुत्र रामौतार शर्मा निवासी ग्राम नई बस्ती कस्बा व थाना ठाकुद्वारा, जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मुकदमा नं0-327/07 अ0सं0-1512/06 धारा-279/338/427/304ए भादवि, चालानी थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद 2. जयपाल सिंह पुत्र बाबू सिंह यादव निवासी ग्राम शिवनगर पत्थर खेडा थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद सम्बन्धित मु0अ0सं0-250/2000 धारा 419/465/466/468/471 भादवि को गिरफ्तार किया गया।